# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
# पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा (सितंबर 2021)
# अंक-योजना: हिंदी (ऐच्छिक), कोड- 002
# कक्षा- 12 वीं प्रश्न पत्र 29/1/1

सामान्य निर्देश: मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के लिए भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। सार्वजनिक रूप से किसी भी तरह इसके लीक होने पर परीक्षा प्रणाली पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जो लाखों उम्मीदवारों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना आईपीसी के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना है, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालांकि मूल्यांकन करते समय नवीनतम

सूचना और ज्ञान पर आधारित और नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ। प्रश्न पत्र में दिए गए दक्षता आधारित**(competency based)** प्रश्नों के मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें; उनके उत्तर चाहे अंक योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब आप आश्वस्त हो, जब उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (✔ ) लगाएँ और गलत उत्तर के लिए गलत का (x)। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 100 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होता।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( **x** ) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

13. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

14. उत्तर पुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए  छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और केन्द्रीय शिक्षा परिषद (सीबीएसई) की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

15. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

16. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

17. माध्यमिक शिक्षा परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा (सितंबर **2021**)

अंक-योजना: हिंदी (ऐच्छिक) कोड: **002**

प्रश्न पत्र **29 / 1 /1**

विषय : हिंदी (ऐच्छिक/इलेक्टिव) कक्षा- 12 वीं

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | खंड (अ)<br>वस्तुपरक प्रश्न | |
| **1** | | किसी भी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पर अंक दिए जाएँ -<br>पहला गद्यांश | 10×1=10 |
| | (i) | (C) भविष्य में भारत की बागडोर संभालने वालों को | 1 |
| | (ii) | (A) शासन के स्वरूप की कल्पना करनी पड़ती है | 1 |
| | (iii) | (D) सभी देशों के प्रचलित वैधानिक नियमों में भारत के लिए उपयोगी नियमों को छाँटा गया। | 1 |
| | (iv) | (A) भारतीय नागरिकों के अधिकारों का वर्णन | 1 |
| | (v) | (C) भारतीय संविधान | 1 |
| | (vi) | (A) जिससे सामाजिक शांति खतरे में न पड़े। | 1 |
| | (vii) | (B) राष्ट्र में एकता भंग करना तथा राजद्रोह के विचार फैलाना | 1 |
| | (viii) | (D) संसद के दो-तिहाई मतों तथा आधे राज्यों की पुष्टि से। | 1 |
| | (ix) | (A) लिखित रूप में। | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (x) | (D) स्पष्ट, सरल और विस्तृत रूप में। | 1 |
| अथवा | | <u>दूसरा गद्यांश</u> | 10×1=10 |
| | (i) | (B) लोग अपराध करने से डरते हैं। | 1 |
| | (ii) | (A) सभी धर्म एक ही लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। | 1 |
| | (iii) | (A) धर्म के प्रति अत्यधिक प्रेम रखकर। | 1 |
| | (iv) | (B) वे सभी धर्म ग्रंथ सहानुभूतिपूर्वक पढ़ें। | 1 |
| | (v) | (D) अपने शास्त्रों ने लेखक की समझ को और स्पष्ट किया। | 1 |
| | (vi) | (A) जब यह केवल आडंबर बन जाते हैं। | 1 |
| | (vii) | (C) यह दूसरों के सर्वोच्च विकास के प्रकाश की कामना करती है। | 1 |
| | (viii) | (A) ऐसा धर्मतत्त्व ढूंढना जिससे विभिन्न धर्मावलंबी एक-दूसरे के प्रति सहिष्णु बनें। | 1 |
| | (ix) | (B) सभी धर्मों में समभाव | 1 |
| | (x) | (A) व्यक्तिगत दृष्टिकोण पर | 1 |
| **2** | | किसी भी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पर अंक दिए जाएँ - <u>पहला पद्यांश</u> | 8×1=8 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | (i) | (C) धरती के सौंदर्य का | 1 |
| | (ii) | (A) प्रेम | 1 |
| | (iii) | (B) ईश्वर निर्गुण है परंतु धरती की प्रशंसा गुणों के वर्णन से की है। | 1 |
| | (iv) | (D) मिट्‌टी में खेलता एक-एक बालक हीरे जैसा गुणवान है। | 1 |
| | (v) | (B) मातृभूमि पर जन्म लेने वाले मनुष्य का शरीर पंचमहाभूतों से बना है- जो मातृभूमि का अंश है। | 1 |
| | (vi) | (C) हरी-भरी कोमल घास को। | 1 |
| | (vii) | (A) धरती के असंख्य उपकारों का बदला चुकाना मानव की सामर्थ्य नहीं । | 1 |
| | (viii) | (C) धरती पर औषधीय गुणों वाली जड़ी-बूटियाँ उपलब्ध हैं । | 1 |
| अथवा | | <u>दूसरा पद्‌यांश</u> | 8×1=8 |
| | (i) | (B) कुदाल को | 1 |
| | (ii) | (D) अलंकार | 1 |
| | (iii) | (B) कुदाल का धूल भरा रूप-रंग | 1 |
| | (iv) | (C) कुदाल के लिए वह अदालत में खड़ा है। | 1 |
| | (v) | (D) घर का संतुलन बिगड़ जाएगा। | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | (vi) | (C) दोनों में चोट पहुँचाने की शक्ति है। | 1 |
| | (vii) | (B) पलंग के नीचे अंधेरे में। | 1 |
| | (viii) | (D) पलंग के नीचे कुदाल। | 1 |
| | | <u>कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन</u> | |
| 3 | | उपयुक्त विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएँ - | 5×1= 5 |
| | (i) | (C) भुगतान के आधार पर अलग-अलग अखबारों के लिए लिखने वाले को | 1 |
| | (ii) | (C) वॉचडॉग | 1 |
| | (iii) | (A) आलेख | 1 |
| | (iv) | (B) रिपोर्ट | 1 |
| | (v) | (B) सीधा पिरामिड (C) कथात्मक (D) आत्मनिष्ठ<br>( इनमें से किसी भी एक विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएँ) | 1 |
| | | <u>पाठ्य पुस्तक</u> | |
| 4 | | <u>पठित पद्यांश</u> पर आधारित | 5×1=5 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (i) | (B) विदुर | 1 |
| | (ii) | (D) सत्य को न पहचानना | 1 |
| | (iii) | (C) सत्य का | 1 |
| | (iv) | (B) लज्जित होना | 1 |
| | (v) | (A)सत्य के प्रकाश को व्यक्ति का ग्रहण कर अनदेखा करना। | 1 |
| **5** | | <u>पठित गद्यांश</u> पर आधारित | 5×1=5 |
| | (i) | (C) जाति भाषा का बंधन | 1 |
| | (ii) | (D) भीड़ एकसूत्रता में बंधी थी | 1 |
| | (iii) | (C) जीवन के प्रति कल्याण की कामना करना | 1 |
| | (iv) | (A) आनंद के लिए | 1 |
| | (v) | (C) ममता कालिया | 1 |
| **6** | | <u>पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित</u> | 7×1= 7 |
| | (i) | (A) शहरी जीवन और औद्योगिक प्रगति । | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | (ii) | (C) चेचक रोग के लिए। | 1 |
| | (iii) | (C) कमल-ककड़ी के लिए। | 1 |
| | (iv) | (A) गर्मी और लू से बचने का। | 1 |
| | (v) | (C) 11 वर्ष बाद | 1 |
| | (vi) | (C) रंगभूमि | 1 |
| | (vii) | (A) भैरों ने | 1 |
| | | <u>खंड (ब)</u><br><u>वर्णनात्मक प्रश्न</u><br><u>कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन</u> | |
| **7** | | दिए गए किसी एक विषय पर **150** शब्दों में रचनात्मक लेखन अपेक्षित**-**<br>● विषय-वस्तु - 3 अंक<br>● भाषा - 1 अंक<br>● कल्पनाशीलता - 1 अंक | 1×5=5 |
| **8** | | दिए गए किसी एक विषय पर पत्र**-** लेखन अपेक्षित**-**<br>● आरंभ एवं अंत की औपचारिकताएँ - 1 अंक<br>● विषय-वस्तु - 3 अंक<br>● भाषा - 1 अंक | 1×5=5 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| **9** | | प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित**-** | 3+2=5 |
| | (क) | (i) <u>पत्रकारीय लेखन -</u><br>• तथ्यों और समसामयिक घटनाओं पर आधारित<br>• पाठकों की रुचियों तथा तात्कालिक ज़रूरतों के अनुसार<br>• सरल, सहज और रोचक भाषा शैली का प्रयोग<br><br><u>साहित्यिक और सृजनात्मक लेखन -</u><br>• कल्पना आधारित<br>• भाव और चिंतन की प्रधानता<br>• अभिव्यक्ति की पर्याप्त छूट<br>• विषयानुसार आलंकारिक भाषा-शैली का प्रयोग।<br>( भिन्नता दर्शाने वाले कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | अथवा | (ii) <u>स्तंभ लेखन -</u><br>• पत्रकारीय लेखन का एक रूप<br>• विचारपरक लेखन<br>• नियमित लेखन<br>• लेखक के वैचारिक रुझान और लेखन शैली पर आधारित<br>• लेखक के विचारों से अखबार का निजी संबंध नहीं<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | (ख) | (i) <u>संपादकीय नाम से नहीं छापा जाता क्योंकि-</u><br>• अख़बार की आवाज़/आत्मा/पहचान<br>• व्यक्ति विशेष की राय, भाव या विचार नहीं<br>• समाचार पत्र (संपादक मंडल) की राय या दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति (कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1= 2 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | अथवा | (ii) <u>फीचर लेखन-</u><br>• पत्रकारीय लेखन का एक रूप<br>• सुव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ शैली<br>• उद्देश्य - सूचना देना, शिक्षित करना तथा मनोरंजन करना<br>• लेखन की कोई निश्चित शैली नहीं<br>• चित्र, रेखांकन, ग्राफिक्स, आँकड़े आदि का प्रयोग<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1= 2 |
| **10** | | प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित **-** | 3+2=5 |
| | (क) | (i) <u>रेडियो नाटक की कहानी के चयन की मुख्य बातें-</u><br>• कहानी घटनाप्रधान या बहुत अधिक एक्शन वाली न हो<br>• घटनाएँ ध्वनि प्रभाव के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकें अधिक लंबी न हो<br>• पात्रों की संख्या सीमित हो<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |
| | अथवा | (ii) <u>सफल रेडियो नाटक के गुण-</u><br>• कहानी सिर्फ घटना प्रधान न होकर संवादों पर आधारित हो<br>• अवधि- 15 से 30 मिनट<br>• पात्रों की संख्या सीमित<br>• कहानी में रोचकता<br>• संवाद ज्यादा लंबे न हों<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | (ख) | (i)<br>● अंधा युग - धर्मवीर भारती<br>● आषाढ़ का एक दिन - मोहन राकेश।<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | अथवा | (ii) श्रोता केवल आवाज़ के सहारे चरित्रों को याद रखता है। अधिक पात्रों से श्रोता के जुड़ने में समस्या। पात्रों की संख्या नाटक की अवधि के आधार पर।<br>[ उदाहरणार्थ : 15 मिनट : 5 से 6 पात्र, 30-40 मिनट : 8 से 12 पात्र, एक घंटा या अधिक :15 से 20 पात्र ] | 2 |
| **11** | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **50-60** शब्दों में अपेक्षित**-** | 2×3 = 6 |
| | (i) | ● देवसेना के जीवन में वेदना और निराशा का भाव<br>● देवसेना का स्कंदगुप्त के प्रति अटूट प्रेम<br>● प्रेम को पाने की अभिलाषा में पूरा जीवन बिता देना<br>● जीवन के अंतिम पड़ाव पर स्कंदगुप्त के प्रेम-निवेदन को ठुकरा देना<br>● प्रेम के भ्रम का टूटना तथा जीवन की सभी अभिलाषाओं का अंत | 3 |
| | (ii) | हाथ फैलाने वाला व्यक्ति ईमानदार क्योंकि -<br>● अगर वह बेईमान होता तो वह भी अमीर होता, हाथ फैलाने की ज़रूरत नहीं पड़ती।<br>● उसने आज़ादी के बाद निजी तरक्की और स्वार्थ के लिए अनैतिक तरीकों जैसे धोखाधड़ी, बेईमानी, भ्रष्टाचार आदि का इस्तेमाल नहीं किया | 3 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | (iii) | वसंत आगमन की सूचना कवि को मिली -<br>● फुटपाथ पर चलते हुए पीले/सूखे पत्तों की चरमराहट की आवाज़ से<br>● अशोक के पेड़ पर चिड़िया की मधुर कुहुक/आवाज़ से<br>● सुबह-सुबह की हवा में गर्माहट और ताज़गी से | 1+1+1=3 |
| **12** | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में अपेक्षित**-** | 2×2 =4 |
| | (i) | ● वियोग के कारण नायिका पर प्रतिकूल प्रभाव<br>● विरह की पीड़ा का बढ़ जाना<br>● दोनों हाथों से कानों को ढक लेना<br>● वियोग में कुछ भी मधुर सुनने की चाह नहीं<br>● वियोग में प्रकृति का सुहाना/प्रिय लगने वाला रूप भी असह्य/ दुखदायी/ कष्टप्रद प्रतीत होता है<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ii) | राम के स्वभाव की विशेषताएँ-<br>● कोमल एवं सरल हृदय वाले | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
| --- | --- | --- | --- |

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| | | ● क्षमाशील, सहिष्णु<br>● छोटे भाइयों के प्रति अगाध स्नेह<br>● खेल खेल में भी नाराज़ न होना<br>● अपराधियों पर भी क्रोध न करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| | (iii) | नायिका पर होलिका दहन का प्रभाव-<br>● हृदय में विरह की अग्नि का जलना, विरह-वेदना का बढ़ जाना<br>● प्रिय से मिलने की चाह में जलकर राख बन जाने को भी तैयार, प्रिय के रास्ते पर राख बनकर बिखर जाने की चाह | 1+1=2 |
| 13 | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **50-60** अपेक्षित**-** | 2×3 = 6 |
| | (i) | ● घर का साहित्यिक वातावरण, घर में भारत जीवन प्रेस की पुस्तकों का आना, पिता द्वारा रामचरितमानस और रामचंद्रिका जैसी पुस्तकों का पाठ<br>● समय के साथ-साथ हिन्दी के नूतन साहित्य की ओर बढ़ता रुझान<br>● पं॰ केदारनाथ जी के पुस्तकालय से लाकर पुस्तकें पढ़ना<br>● समवयस्क साहित्यिक मित्र मंडली का साथ<br>● हिंदी के तत्कालीन प्रसिद्ध साहित्यकारों के प्रति आकर्षण<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+1+1=3 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| 14 | (ii) | ● जीवन-साथी का चुनाव करने के लिए मिट्टी के ढेलों की लॉटरी<br>● अलग-अलग स्थान के ढेलों के आधार पर वधू/कन्या का चुनाव<br>● ढेलों के आधार पर वधू/कन्या के गुण-अवगुण का निर्धारण<br>(पाठ आधारित विस्तृत वर्णन अपेक्षित) | 3 |
| | (iii) | ● संकोचवश, मायके का खुशनुमा वातावरण और आवभगत देखकर<br>● गाँव के सम्मान की रक्षा के विचार से<br>● बड़ी बहुरिया/गाँव की लक्ष्मी के सदा के लिए गाँव छोड़कर चले जाने के भय के कारण | 1+1+1=3 |
| | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में अपेक्षित- | 2×2 =4 |
| | (i) | हाथी की घोषणाएँ -<br>● उसकी किसान के साथ साझे में गन्ने की खेती है<br>● कोई जानवर खेत को नुकसान न पहुँचाए<br>● नुकसान पहुँचाए जाने पर दंड देने की धमकी<br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1= 2 |
| | (ii) | ● औद्योगिक विकास और प्रगति के नाम पर अपने मूल स्थान से विस्थापित लोगों को | 1+1=2 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | ● चाह कर भी दोबारा अपने मूल स्थान पर नहीं लौट सकने वालों को<br>● अपने परिवेश और संस्कृति से हमेशा के लिए वंचित लोगों को<br><br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| | (iii) | ● गंगा आरती के समय खाकी वर्दी में मुस्तैदी के साथ घाट पर घूमना<br>● वहाँ मौजूद सभी लोगों से सीढ़ियों पर बैठने की प्रार्थना करना<br>● आरती के समय शांति बनाए रखने का प्रयास करना<br><br>( कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |